शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ,दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र ( सत्र : 2023 - 2024 )**

**कक्षा - ग्यारहवीं** **विषय : समाजशास्त्र ( कोड :** 039 )

अवधि: 3 घंटे अधिकत्तम अंक: 80

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।

2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।

4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है। ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

7. प्रश्न संख्या 34 का उत्तर दिए गए गद्यांश की सहायता से देना है।

| | खण्ड [क] | |
|---|---|---|
| 1 | अभिकथन(A) : सत्ता की परिभाषा अधिकांशतः इस रूप में दी जाती है कि सत्ता स्वेच्छानुसार एक व्यक्ति से मनचाहे कार्य को करवाने की क्षमता रखती है।<br>कारण (R) : जब सत्ता का संबंध स्थायित्व तथा स्थिरता से होता है तथा इससे जुड़े पक्ष अपने सापेक्षिक स्थान के अभ्यस्त हो जाते हैं, तो हमारे सामने प्रभावशाली स्थिति उत्पन्न होती है ।<br><br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

DoE,Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 2 | समाजशास्त्र __________________________ पर केंद्रित है<br><br>(क) व्यक्तियों के बीच बातचीत<br>(ख) पशु व्यवहार<br>(ग) पर्यावरण<br>(घ) शांति और संघर्ष | 1 |
| 3 | डार्विन के सिद्धांत ने किस विचार पर बल दिया -<br><br>**(क) योग्यतम की सहायता**<br>**(ख) योग्यतम की नौकरी**<br>**(ग) योग्यतम की उत्तरजीविता**<br>**(घ) योग्यतम की तलाश** | 1 |
| 4 | ________________ वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन और वितरण का अध्ययन करता है ।<br>(क) समाजशास्त्र<br>(ख) अर्थशास्त्र<br>(ग) मानवविज्ञान<br>(घ) इतिहास | 1 |
| 5 | घूर्ये द्वारा जाति की विस्तृत परिभाषा दी गई , इनमें से कौन सी विशेषता उनके द्वारा नहीं बताई गई है -<br>(क) जाति एक ऐसी संस्था है जो खंडीय विभाजन पर आधारित है ।<br>(ख) जातिगत समाज सोपानिक विभाजन पर आधारित होते हैं।<br>(ग) संस्था के रूप में जाति कोई भी प्रतिबंध नहीं लगाती है ।<br>(घ) जाति व्यवसाय के चुनाव को भी सीमित कर देती है जो जाति की तरह, जन्म पर आधारित तथा वंशानुगत होता है। | 1 |
| 6 | डी. पी. ने अंग्रेज़ी तथा बंगाली में काफ़ी पुस्तकें लिखीं । उनके द्वारा लिखित __________________________ इस विषय में एक श्रेष्ठ कार्य है जो इस वर्ग की कालजयी रचना मानी जाती है।<br>(क) इंट्रोडक्शन टू इंडियन म्यूज़िक<br>(ख) इंट्रोडक्शन टू वेस्टर्न म्यूज़िक<br>(ग) इंट्रोडक्शन टू म्यूज़िक<br>(घ) इंट्रोडक्शन टू क्लासिकल म्यूज़िक | 1 |
| 7 | कल्याणकारी राज्य एक ______________________ राज्य होता है। इसका अर्थ है कि वह उदारवादी राजनीति के शास्त्रीय सिद्धांत की ______________________ नीति से भिन्न होता है।<br>(क) छोटा ,नीति<br>(ख) बड़ा, सामाजिक<br>(ग) विस्तृत , आर्थिक<br>(घ) सकारात्मक , लेसेज फेयर | 1 |

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 8 | ये ग्रामीण शोधकार्यों के स्थल के रूप में भारतीय समाजशास्त्र को कई तरह से लाभान्वित करते हैं। इसने नृजातीय शोधकार्य की पद्धति के महत्त्व से परिचित कराने का एक मौका दिया।<br><br>यहाँ पर ये किसके लिए इस्तेमाल हुआ है -<br>(क) गाँव<br>(ख) अस्पताल<br>(ग) विद्यालय<br>(घ) डिस्ट्रिक्ट | 1 |
| 9 | अभिकथन(A) : 17वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध व 18वीं शताब्दी में पश्चिमी यूरोप में संसार के बारे में सोचने-विचारने के बिलकुल नए व मौलिक दृष्टिकोण का जन्म हुआ।<br>कारण (R) : ज्ञानोदय या प्रबोधन के नाम से जाने गए इस नए दर्शन ने जहाँ एक तरफ मनुष्य को संपूर्ण ब्रह्मांड के केंद्र बिंदु के रूप में स्थापित किया, वहीं दूसरी तरफ विवेक को मनुष्य की मुख्य विशिष्टता का दर्जा दिया।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 10 | फ्रांसिसी क्रांति (1789) ने व्यक्ति तथा राष्ट्र-राज्य के स्तर पर ____________________ संप्रभुता के आगमन की घोषणा की।<br>(क) आर्थिक<br>(ख) सामाजिक<br>(ग) शैक्षिक<br>(घ) राजनीतिक | 1 |
| 11 | कालेज कैसी संस्था है -<br>(क) अनौपचारिक<br>(ख) औपचारिक<br>(ग) राजनीतिक<br>(घ) आर्थिक | 1 |
| 12 | अभिकथन(A) : प्रकार्यवादियों के अनुसार मूल परिवार को औद्योगिक समाज की आवश्यकताएँ पूरी करने वाली एक सर्वोत्तम साधन संपन्न इकाई के रूप में देखा जाता है।<br>कारण (R) : ऐसे परिवार में घर का एक सदस्य घर से बाहर कार्य करता है और दूसरा सदस्य घर और बच्चों की देखभाल करता है।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 13 | अभिकथन (A) : पहचान विरासत में नहीं मिलती अपितु यह व्यक्ति तथा समाज को इनके दूसरे व्यक्तियों के साथ संबंधों से प्राप्त होती है ।<br>कारण (R) : व्यक्ति को उसके द्वारा अदा की गई सामाजिक भूमिका ही पहचान प्रदान करती है।<br>(क) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(ग) A सही है लेकिन R गलत है।<br>(घ) A गलत है और R सही है। | 1 |
| 14 | आधुनिक उद्योगों की नींव कौन सी क्रांति के द्वारा रखी गई ?<br>(क) औद्योगिक<br>(ख) राष्ट्रीय<br>(ग) क्षेत्रीय<br>(घ) सामाजिक | 1 |
| 15 | समाजशास्त्र को कभी - कभी ________________की संतान भी कहा जाता है ।<br>**(क) क्रांति के युग**<br>**(ख) ज्ञान के युग**<br>**(ग) परिश्रम के युग**<br>**(घ) अंधकार के युग** | 1 |
| 16 | भौतिक पक्ष इनमें से किससे संदर्भित नहीं है -<br>(क) संप्रेषण के उपकरणों से<br>(ख) तकनीकों से<br>(ग) यातायात के साधनों से<br>(घ) लोकाचार से | 1 |
| | खण्ड [ख] | |
| 17 | भूमिका स्थिरीकरण, समाज के कुछ सदस्यों के लिए कुछ विशिष्ट भूमिकाओं को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया है। उदाहरण के लिए अकसर पुरुष कमाने वाली और महिलाएँ घर चलाने वाली रूढ़िबद्ध भूमिकाओं को निभाते हैं। सामाजिक भूमिकाओं और प्रस्थितियों को अकसर स्थिर और अपरिवर्तनीय रूप में देखा जाता है जोकि गलत है।<br>भूमिका स्थिरीकरण किस प्रकार व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है ? | 2 |
| | OR | |
| | भूमिका प्रस्थिति का सक्रिय या व्यवहारात्मक पक्ष है। प्रस्थितियाँ ग्रहण की जाती हैं, एवं भूमिकाएँ निभाई जाती हैं। हम यह कह सकते हैं कि प्रस्थिति एक संस्थागत भूमिका है। यह वह भूमिका है जो समाज में या समाज के विशेष संघों में से किसी में भी नियमित मानकीय और औपचारिक बन चुकी है।<br>भूमिका से आप क्या समझते है , भूमिकाएँ ग्रहण की जाती हैं या निभाई जाती हैं ? | 2 |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 18 | सत्ता से आप क्या समझते हैं ? कैसे आप अपने आस पास सत्ता का इस्तेमाल होते हुए देखते हैं ? | 2 |
| 19 | पूँजीवादी समाज की दो विशेषताएं बताएं । | 2 |
| 20 | वर्ग संघर्ष क्या होता है ? एक उदाहरण दें । | 2 |
| 21 | परिवार के स्वरूपों में कौन से परिवर्तन दिखाई देते है । | 2 |
| 22 | आवास के आधार पर परिवार कौन - कौन से प्रकार के होते है । बताएं। | 2 |
| 23 | यह सुस्पष्ट होना चाहिए कि एक आधुनिक जटिल समाज में, जैसा कि हमारा समाज है, एक व्यक्ति अपने जीवन में कई विभिन्न प्रस्थितियों को ग्रहण करता है। एक स्कूली छात्र के रूप में आप अपने अध्यापक के छात्र, पंसारी के लिए ग्राहक, बस चालक के लिए यात्री, सहोदरों के लिए भाई या बहन, डॉक्टर के लिए मरीज़ हो सकते हैं।<br><br>प्रस्थिति से आप क्या समझते है ,उदाहरण दे कर समझाये ? | 2 |
| 24 | कानून सरकार द्वारा नियम या सिद्धांत के रूप में परिभाषित औपचारिक स्वीकृति है जिसका पालन नागरिकों को अवश्य करना चाहिए। कानून स्पष्ट होते हैं। ये पूरे समाज पर लागू होते हैं तथा कानूनों का उल्लंघन करने पर जुर्माना तथा सजा हो सकती है। यदि आपके घर में बच्चों को सूर्यास्त के बाद घर से बाहर रहने की अनुमति नहीं है तो यह एक मानक है। यह केवल आपके परिवार के लिए है तथा सभी परिवारों पर लागू नहीं हो सकता। हालाँकि यदि आपको किसी दूसरे के घर से सोने की चेन चुराते हुए पकड़ा जाए तो आपने सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत निजी संपति के कानून का उल्लंघन किया है तथा इसके लिए आपको जाँच के बाद सजा के रूप में जेल भेजा जा सकता है।<br><br>दिये गए गद्यांश को पढ़ें और बताएं कि कानून और मानक किस प्रकार भिन्न है ? | 2 |
| | OR | |
| | जन माध्यम हमारे जीवन का किस प्रकार से अहम हिस्सा बन चुके है ? | 2 |
| 25 | सांस्कृतिक परिवर्तन से आप क्या समझते है ? उदाहरण दें । | 2 |

| खण्ड [ग] | | |
|---|---|---|
| 26 | बहुत से समाजों में, जिसमें भारत के बहुत सारे भाग भी शामिल हैं, उत्तराधिकार और वंशानुक्रम की रेखा पिता से पुत्र को जाती है । इसे पितृवंशीय व्यवस्था के रूप में जाना जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए कि औरतों को संपत्ति में अधिकार मिलने की प्रवृत्ति अत्यधिक क्षीण है , भारत सरकार ने कारगिल युद्ध के बाद यह निर्णय किया कि भारतीय सैनिकों की मृत्यु पर मिलने वाली क्षतिपूर्ति की धनराशि उनकी विधवाओं को मिलनी चाहिए ।<br><br>आपको क्या कारण लगते है जिसके कारण भारत सरकार ने कारगिल युद्ध के बाद यह निर्णय किया कि भारतीय सैनिकों की मृत्यु पर मिलने वाली क्षतिपूर्ति की धनराशि उनकी विधवाओं को मिलनी चाहिए ? | 4 |
| 27 | 'युवा असंतोष' के कारणों की चर्चा करें । | 4 |
| | OR | |
| | राजनीति और सामाजिक परिवर्तन किस प्रकार संबन्धित हैं ? | 4 |
| 28 | समाज से आप क्या समझते है ? समाज की तीन विशेषतायें बताए। | 4 |
| 29 | विवाद, कानून अथवा कानूनी सत्ता से असहमति अथवा विद्रोह भी होता है। खुले तथा लोकतांत्रिक समाज इस प्रकार की असहमति को भिन्न स्तरों तक छूट देते हैं। इस प्रकार की असहमति के लिए स्पष्ट तथा अस्पष्ट दोनों प्रकार की सीमाएँ परिभाषित की गई हैं। इन सीमाओं का उल्लंघन किसी-न-किसी रूप में समाज की प्रतिक्रिया को जानना चाहते हैं, विशेषकर कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ।<br><br>किस प्रकार विद्रोह असहमति दिखाने का तरीका है ? आप के अनुसार व्यक्ति विद्रोह क्यों करता हैं ? | 4 |
| 30 | आधुनिक पूँजीवादी राज्य एक महत्वपूर्ण विषय था, जिसमें ए.आर. देसाई की रुचि थी। हमेशा की तरह , इस विषय को समझने में भी उन्होंने मार्क्सवादी दृष्टिकोण अपनाया। 'द मिथ ऑफ़ द वेलफेयर स्टेट' नामक निबंध में देसाई ने विस्तारपूर्वक इसकी विवेचनात्मक समीक्षा की है तथा इसकी कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है।<br><br>देसाई द्वारा बताए गए चार तरीके बताए जिसके आधार पर कल्याणकारी राज्य द्वारा किए गए कार्यों का परीक्षण किया जा सकता है । | 4 |
| 31 | ग्रामीण अध्ययन के विषय में एम. एन. श्रीनिवास तथा लुई ड्यूमों द्वारा क्या कहा गया ? | 4 |
| 32 | 'समाज में श्रम विभाजन' पर अपने विचार रखें । | 4 |

DoE Delhi

https://www.evidyarthi.in

| | खण्ड [घ] | |
|---|---|---|
| 33 | सामाजिक नियंत्रण से आप क्या समझते है ? सामाजिक नियंत्रण की क्या आवश्यकता है ? | 6 |
| 34 | एक आधुनिक समाज सांस्कृतिक विभिन्नता का प्रशंसक होता है तथा बाहर से पड़ने वाले सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं करता। परंतु ऐसे सभी प्रभावों को सदैव इस प्रकार शामिल किया जाता है कि ये देशीय संस्कृति के तत्वों के साथ मिल सकें। विदेशी शब्दों को शामिल करने के बावजूद अंग्रेज़ी अलग भाषा नहीं बन पाई और न ही हिंदी फिल्मों के संगीत ने अन्य जगहों से उधार लेने के बावजूद अपना स्वरूप खोया। विविध शैलियों, रूपों, श्रव्यों तथा कलाकृतियों को शामिल करने से विश्वव्यापी संस्कृति को पहचान प्राप्त होती है। आज सार्वभौमिक विश्व में, जहाँ संचार के आधुनिक साधनों से संस्कृतियों के बीच अंतर कम हो रहे हैं, एक विश्व्यापी पर्यवेक्षण प्रत्येक व्यक्ति को अपनी संस्कृति को विभिन्न प्रभावों द्वारा सशक्त करने की स्वतंत्रता देता है।<br>गदयांश के आधार पर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दें ।<br>(क) सांस्कृतिक विभिन्नता से क्या अर्थ हैं ?<br>(ख) विश्वव्यापी संस्कृति को पहचान किस तरह मिलती है ?<br>(ग) संचार के आधुनिक साधनों से संस्कृतियों के बीच अंतर कम कैसे हो रहे हैं ? | 6 |
| 35 | औपचारिक और अनौपचारिक संस्था में अंतर स्पष्ट करें । विद्यालय कैसी संस्था है और क्यों ? | 6 |

DoE, Delhi